दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 289 मुरादाबाद 15 February 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## शक्ल पर सुबह ही 12 बज गए, योगी पर अखिलेश यादव का पलटवार; कहा- CM को नहीं आई नींद



उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की वोटिंग के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पलटवार किया। सोमवार सुबह न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में योगी की ओर से सपा पर निशाना साधे जाने के बाद पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने झांसी में जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सीएम योगी को रातभर नींद नहीं आई है और सुबह ही उनकी शक्ल पर 12 बज गए। अखिलेश यादव ने कहा 12 तो देर से बजा है, लेकिन सीएम योगी के चहरे पर सुबह ही 12 बज गए हैं। उन्होंने कहा, "बाबा मुख्यमंत्री जी की शक्ल देखो आजकल। 12 बज गए हैं उनकी शक्ल पर। रात भर नींद नहीं आई आज क्योंकि दूसरे चरण में वोट पड़ना था रात भर नहीं सो पाए।" अखिलेश यादव ने कहा, "बुंदेलखंड की जनता ने बीजेपी को भरपूर समर्थन दिया। लेकिन बताओ बदले में भाजपा से क्या मिला? बताओ झांसी में क्या मिला ललितपुर में क्या दे गए भाजपा के लोग? जालौन के भी लोग यहां हैं बताएं क्या मिला? कोरोना के समय मजदूर भाई बाहर से चलकर आए थे। ललितपुर-झांसी की सीमा पर उन्हें खाना नहीं दिया पीने के लिए पानी नहीं दिया। बेचारे नहा धो नहीं पाए। सपा की सरकार होती तो डीएम की गाड़ी से घर भेजा जाता।"

## मथुरा के राधारानी मंदिर में श्रद्धालुओं से दक्षिणा ले रहे सेवादार को दरोगा ने मारा थप्पड़



यूपी पुलिस की छवि अक्सर विवादों में रही है। इसको लेकर कई वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें यूपी पुलिस के किसी ने किसी सिपाही या दरोगा द्वारा बदसलूकी करते देखा गया है। इसी तरह का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो में एक दारोगा मंदिर के अंदर सेवादार को थप्पड़ मारते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं दारोगा इन सेवादारों को मंदिर से धक्का देकर बाहर भी निकाल रहा है। वीडियो हालांकि तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। सोमवार को जब यह वायरल तो पुलिस विभाग की एक बार फिर से किरकिरी शुरू हो गई। दरअसल शुक्रवार को मंदिर परिसर में पप्पू गोस्वामी और मंगतू गोस्वामी दोनों अपने यजमानों से दक्षिणा आदि ले रहे थे। इतने में अचानक कस्बा के इंचार्ज राम अवध यादव वहां पहुंचे और उन दोनों को मंदिर से बाहर धकियाने लगे। इस दौरान चौकी इंचार्ज ने पप्पू के तमाचा जड़ दिया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से वायरल हो गई। इस मामले में पीड़ित मंगतू गोस्वामी व पप्पू गोस्वामी ने बताया कि अपने यजमानों को दर्शन कराने के बाद उनसे चर्चा के दौरान भक्त दक्षिणा दे रहे थे। इतने में चौकी इंचार्ज ने आते ही धक्का देते हुए तमाचा मार दिया और धक्का देते हुए मंदिर से बाहर निकाल दिया।

## सुरक्षा में चूक के बाद पंजाब में पीएम मोदी की पहली रैली, कहा- त्रिपुरमालिनी देवी शक्तिपीठ में जाना था लेकिन...




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुरक्षा में चूक के बाद पहली बार पंजाब में रैली को संबोधित कर रहे हैं। जालंधर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पंजाब की चरणजीत सिंह सरकार जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि वो कार्यक्रम के बाद त्रिपुरमालिनी देवी शक्तिपीठ में पूजा करना चाहता था लेकिन प्रशासन और पुलिस ने कहा कि वे व्यवस्था नहीं कर पाएंगे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह है यहां की सरकार की स्थिति। लेकिन मैं जल्द ही शक्तिपीठ में पूजा जरूर करूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो देश की सुरक्षा के लिए गंभीर रहकर काम करे। कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि वो कभी पंजाब के लिए काम नहीं कर सकती और जो काम करना भी चाहता है, वो उसके आगे हज़ार रोड़े खड़े कर देती है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की और हमारे वीर शहीदों की तीसरी बरसी है। मैं पंजाब की धरती से भारत मां के वीर शहीदों के चरणों में श्रद्धापूर्वक सर झुकाता। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में छ्ह गठबंधन की सरकार बनेगी अब ये पक्का है। पंजाब में विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। पंजाब के एक-एक व्यक्ति को, मेरे नौजवानों को मैं विश्वास देने आया हूं कि आपके उज्वल भविष्य के लिए हमारे प्रयास में कोई कमी नहीं रहने देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि अभी पंजाब में व्यापार-कारोबार को जिस तरह माफियाओं के कब्जे में दे दिया गया है, ये खेल भाजपा सरकार में नहीं चलने दिया जाएगा। भाजपा की सरकार में यहां का व्यापारी, बिना किसी अत्याचार के, बिना किसी खौफ के अपना व्यापार करेगा। पीएम ने कहा कि हम देश के सीमाओं को मजबूत करते हैं लेकिन उनके नेता सेनाओं को गुंडा कहते हैं और उनके शहादत पर सवाल उठाते हैं। हमने 1984 के सिख दंगों की जांच के लिए स्क्रुझ बनाई और पीड़ितों की मदद की। लेकिन दंगे के आरोपियों को पार्टी में बड़े पद देकर कांग्रेस ने हमेशा आपके जख्मों पर नमक छिड़का। जिनके पास कामकाज का हिसाब नहीं हैं, कुछ ऐसे लोग भी पंजाब में झूठ का खेल खेलने आ गए हैं। पंजाब में आकर ये पंजाब को नशा मुक्त करने की बात करते हैं और ये लोग खुद गली, मोहल्ले में शराब के ठेके खुलवाने के एक्सपर्ट हैं। पंजाब को इनसे भी सतर्क रहना होगा।

## सीएम योगी का आरोप, अखिलेश ने वापस लिए थे राम मंदिर पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे



उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर आरोप लगाते हुए कहा कि 2012 में अखिलेश सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे पहला काम आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने का काम किया। अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर हमला करने वाले और प्रदेश की कचहरियों में बम धमाके करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे इस सरकार द्वारा वापस लिए गए। सोमवार को मैनपुरी के गांव पतारा पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि बीते कालखंड में पहले इटावा, मैनपुरी, एटा को पूरे देश में बदनाम कर दिया गया था। लूट, राहजनी करने वाले तत्व मैनपुरी और पूरे प्रदेश में हावी थे। आम जनता का जीना हराम हो गया था। सीएम ने रैली संबोधन के दौरान कहा कि हमारी सरकार के आने से पहले दिन में बमबाजी होती थी और रात में डकैती पड़ती थीं। अब ऐसा करने वालों पर बुल्डोजर चलता है। सीएम ने कहा कि जब भाजपा बुल्डोजर चलाती है तो सपा के लोगों को बुरा लगने लगता है। मैनपुरी की चारों सीटें जिताने का आवाह्न करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 350 सीटें जीतकर भाजपा प्रचंड बहुमत से फिर से उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।

### पांच साल पहले स्कूल नहीं जा पाती थीं बेटियां

सीएम ने कहा कि पांच साल पहले मैनपुरी की स्थिति क्या थी। गुंडागर्दी चरम पर थी। माफिया किसी की जमीन पर कब्जा कर लेते थे। कब्जा करके गुंडागर्दी करते थे। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं और अराजकता का तांडव था। सम्मानित नागरिक बाहर जाने में डरता था। पूरे प्रदेश में यही हाल था। पर्व और त्योहार से पहले दंगे शुरू हो जाते थे। कर्फ्यू लग जाता था। प्रदेश बदनाम होता था। व्यापारी तबाह होता था। अगर किसी ने शिकायत कर दी तो उस पर झूठे मुकदमे दर्ज हो जाते थे। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार आयी तो माफिया और अपराधी अपने बिलों के अंदर छिप गए।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस का दिन भर पैरा लगा रहा जिसको देखते हुए मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसको लेकर सुरक्षा में प्रशासन ने कोई कमी नहीं रखी जोकि गांव से लेकर शहर तक मतदान केंद्रों पर सुबह के समय भीड़ दिखी जिसको लेकर मतदाता ने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का सही प्रयोग किया और वोट डालने के बाद उत्साह दिखा

## मतदान के दिन पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के रहे पक्के इंतजाम



सत्येंद्र पाल सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- मतदान केंद्रों पर पुलिस प्रशासन के पक्के इंतजाम रहे जिस पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर मतदान केंद्र पर पुलिस प्रशासन की कमी नहीं होने दी जैसे कि शहर से लेकर गांव तक हर मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा बल ब पुलिस फोर्स तैनात थे जिसको लेकर हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिन भर जिला अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब जिले के वरिष्ठ अधिकारी की गाड़ी गांव-गांव सुरक्षा बलों की गाड़ी के साथ दौड़ती नजर आई हर गांव पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ब पुलिस ने गांव में मतदाताओं को भरोसा दिलाया की कहीं भी कोई भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मतदान केंद्र पर तैनात है

## कुछ गांव में चुनाव को लेकर चुनाव का किया बहिष्कार



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- विकास न होने की नाराज कई गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है जिससे प्रशासन में खलबली मच गई है मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया और मतदान करने की अपील की बदायूं के दातागंज विधानसभा क्षेत्र के गांव वालों ने गांव में सड़क ना पढ़ने से की वजह से मतदान करने से मना कर दिया जोकि 10=00 बजे तक गांव वालों ने कोई भी अपने मत का प्रयोग नहीं किया जिससे प्रशासन में खलबली मच गई इसकी खबर जिला पर पहुंचने पर जिले से अधिकारियों ने ग्रामीण लोगों को मनाने की कोशिश की जो कि गांव वालों ने अपनी बात को प्रशासन के गए अधिकारियों को बताया कि हमारे गांव की यह सड़क देखिए क्या हाल है इसके लिए लेकर ग्रामीणों में नाराजगी दिखी और मत का प्रयोग करने से मना कर दिया सभी गांव वालों ने एकत्र होकर कहा की हम अपने मत का बहिष्कार करते है

## बिना वेतन 7 माह काम कर रहे गार्डों का विरोध प्रदर्शन



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - हरदुआगंज तापीय परियोजना परिसर की सुरक्षा में तैनात उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के गार्डों को सात माह से भुगतान न मिलने के चलते गार्डो ने परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार सिंह के कार्यालय के बाहर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। 65 गार्डों की टीम 24 घंटे शिफ्ट के हिसाब से परियोजना परिसर एवं आने वाली कोयले की रैकों पर लगी हुई है। भुगतान न मिलने की स्थिति में गार्डों के अनशन पर बैठने पर परियोजना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था खराब हो जाएगी। वहीं कोयले से भरी रैकों से स्थानीय लोग लाखों रूपये का कोयला बेखौफ होकर उतारेंगे।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## मुरादाबाद में मतदान संपन्न, शाम 6 बजे तक 66.42 फीसदी वोटिंग



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दूसरे चरण के लिए मुरादाबाद की 6 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है. जिले में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला. यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मुरादाबाद जिले की 6 विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के लिए मतदान संपन्न हो गया है. जिले की मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात, कांठ, बिलारी, कुंदरकी और ठाकुरद्वारा सीट पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 66.42 फीसदी मतदान दर्ज किया गया

## मतदान केंद्रों को सजाया गया दुल्हन की तरह फिर किया मतदान




मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- इस बार मतदान केंद्रों को दुल्हन की तरह सजाया गया जोकि शहर के ब गांव के बहुत से केंद्र ऐसे नजर आए की उनके द्वारों को दुल्हन की तरह गुब्बारे व फूल मालाओं से सजा कर फिर लोगों से मतदान करने की अपील की गई जिसको लेकर प्रशासन ने मतदान केंद्रों को सजा कर मतदाताओं को उत्साह कर मत का प्रयोग करने को कहा और मतदाताओं ने अपने मत का सही प्रयोग कर अपना अधिकार लिया जोकि शहर के मतदान केंद्र सजा श्री कृष्णा इंटर कॉलेज व सिंगला स्कूल आवास विकास गेट प्राथमिक विद्यालय ग्राम लखनपुर को भी दुल्हन की तरह सजा कर ग्राम वासियों ने अपने मत का प्रयोग किया

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# पटाखे से 8 साल के मासूम का हाथ झुलसा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला ताली वार्ड नंबर 8 एक नन्हे मासूम बालक का पटाखे से बुरी तरह हाथ जला बच्चे की चीख-पुकार सुन मोहल्ले परिवार में फैली सनसनी बच्चे का नाम आसिफ पिता मोहम्मद अली बताया जा रहा है नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चे को परिजनों द्वारा ले जाया गया जहां चिकित् सको ने उपचार के बाद बच्चे को रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार बच्चे को खेलते हुए अचानक पटाखा हाथ में आ जाने से बच्चे के साथ हुआ हादसा उधर घर परिवार मैं बच्चे को अचानक पटाखा फट जाने से नन्हे मासूम का हाथ झुलस जाने से बुरा हाल देखकर घर परिवार वालों में माहौल गमगीन लंबे समय से ऐसा देखने यह सुनने में आए दिन सामने आता है लेकिन हम लोगों की गलती का खामियाजा नन्हे मुन्ने मासूम अपनी जान या अपने हाथ पाऊं गवा कर उसका खामियाजा उठाते हैं हर घर परिवार मैं इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए हमारा घर परिवार हम जो काम करते हैं घर के अंदर पटाखा फुलझड़ी माचिस गैस आदि घातक चीजों से बच्चों वे परिवार को बचाया जाए इसी में हमारी वह हमारे परिवार की देश की भलाई है

# ठाकुरद्वारा विधानसभा चुनाव मतदान शांति पूर्ण संपन्न हुआ



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- ठाकुरद्वारा विधानसभा चुनाव मैं ठाकुरद्वारा तहसील 10 प्रत्याशी आमने सामने आज हुआ मुकद्दर का फैसला पेटी में बंद ठाकुरद्वारा मतदान शत प्रतिशत 72 पॉइंट 37 प्रतिशत से लेकर मतदान हुआ जिसमें नगर गांव गांव मतदाताओं ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर बड़ी लगन निष्ठा से मतदान किया उधर सुना आयोग वे सरकार की गाइडलाइंस द्वारा आला अफसरों से लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चुनाव शांतिपूर्वक सफल कराने में जुटा नजर आया उधर नगर मोहल्ले वार्ड बस्ती में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें मतदान करने को लेकर जाति दिखाई दी ठाकुरद्वारा नगर में आज पहली बार मतदान इतनी बड़ी लगन मतदाताओं के बीच दिखाई दी अब देखना यह होगा कि आने वाली 10 तारीख किसको मिलेगी ठाकुरद्वारा सीट पर सफलता कौन बनेगा ठाकुरद्वारा क्षेत्र विधानसभा सीट का भाग्य विधाता जनता को रहेगा इंतजार अब देखना यह कड़ा संघर्ष वाली सीट अब किस के खाते में

# डिलारी में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-सोमवार को विधानसभा 25 क्षेत्र के डिलारी, पीलकपुर श्योराम, जमशेदपुर,गजरौला सैद, अकबरपुर, महदेशपुर आदि कई दर्जनों गांवों में विधान सभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मतदाताओं में मतदान के लिए उत्सुकता चरम पर देखा गया। लोगों ने उत्सवपूर्वक मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं अधिकारियों ने कई मतदान केंद्रों का मुआयना किया। बुजुर्गों और महिलाओ में भी काफी उत्सुकता देखी गई। लोकतंत्र का पर्व को सफल बनाने के लिए बुजुर्ग ने उत्साहित होकर अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान किया। बुजुर्ग अपने बेट या अन्य परिजन के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे। विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीनों में कैद हो गया है। पैरा मिल्ट्री फोर्स व पुलिस बल भारी संख्या में तैनात रहा। सुबह के समय कोहरा अधिक होने की वजह से मतदान की रफ्तार धीमी रही लेकिन कुछ घंटे के बाद धूप खिल गई व मौसम में गर्माहट हो गई जिसके बाद मतदान की रफ्तार में तेजी आई। कोरोना महामारी से बेखौफ होकर लंबी-लंबी लाइनों में लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं अधिकारी लगातार बूथों पर जाकर स्थिति का जायजा लेते रहे। मोबाइल फोन को लेकर प्रशासन रहा सख्त-तदान केंद्र पर मोबाइल लेकर पहुंचे मतदाताओं को हताशा हुई। मतदान केंद्र पर मोबाइल को लेकर सख्ती पुलिस सख्त दिखाई दी। मोबाइल लेकर पहुंचे मतदाताओं को मतदान केंद्र में प्रवेश से रोक दिया गया। मतदान केंद्र पर गड़बड़ी की आशंका में लोगों को मोबाइल फोन अंदर नहीं ले जाने दिया गया। ऐसे में वोट करते वक्त सेल्फी लेने की चाह रखने वाले युवाओं को हताशा हुई। हालांकि, वोट देने के बाद मतदान केंद्र के बाहर सेल्फी लेने का क्रेज रहा। इस दौरान पुलिस-प्रशासन मतदाताओं की हर गतिविधि पर नजर रखता रहा। दोपहर एक बजे तक 41.94 फीसदी हुआ मतदान- मुरादाबाद जिले में दोपहर एक बजे तक 41.94 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। कांठ विधानसभा क्षेत्र में अब तक 45.28 फीसदी, ठाकुरद्वारा में 44.87 फीसदी, मुरादाबाद ग्रामीण में 36.89 मुरादाबाद नगर में 35.9 प्रतिशत कुंदरकी में 46.55 और बिलारी में 42.20 त्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर बाद कई मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लग गई तो वही कुछ मतदान केंद्रों की रफ्तार बहुत ज्यादा नहीं बढ़ी। जीआईसी में दोपहर बाद लंबी कतार दिखाई दी। पीपलसाना में बहुत ज्यादा लंबी लाइन नहीं थी लेकिन मतदाता कुछ बूथों पर ज्यादा दिखाई दिए। भोजपुर में भी काफी संख्या में मतदाता लाइन में लगे दिखाई दिए।



**मुरादाबाद में शाम 6 बजे तक हुए 66.42 फीसदी मतदान**

1. कंठ 67.58%
2. मुरादाबाद ग्रामीण 62.42%
3. कुंदरकी 68.76%
4. बिलारी 65.44%
5. ठाकुरद्वारा 72.84%
6. मुरादाबाद नगर 60.18%





# छिटपुट झड़पों के बीच ठाकुरद्वारा में 74 फ़ीसदी मतदान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




मुरादाबाद- विधानसभा चुनाव में छिटपुट झड़पों के बीच 74 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मतदान केंद्रों के आसपास पैसा बाटे जाने का आरोप लगने पर अधिकारी इधर से उधर दौड़ते रहे लेकिन शिकायतें निराधार पाई गई। विधानसभा चुनाव में सो मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई। सुबह 11 बजे तक 28.6 प्रतिशत मतदान हो चुका था। दोपहर एक बजे तक 44.87, दोपहर तीन बजे तक 60.8 2, शाम पांच बजे तक 72.35 प्रतिशत और शाम छह बजे तक 72.84 प्रतिशत मतदान हो चुका था। देर शाम तक मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगी हुई है। 74 मतदान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस और सीआरपी के जवानों की सख्ती के चलते कोई गड़बड़ी नहीं हो पाई। पुलिस अधीक्षक देहात विद्यासागर मिश्रा और अपर जिला अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डिप्टी एसपी डॉ अनूप सिंह और एसडीएम परमानंद सिंह लगातार मतदान केंद्रों पर निगाह रखे हुए थे। अफवाहों को लेकर प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी भारी पुलिस बल के साथ लगातार दौड़ते रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
Title Code : UPBIL05086

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Social media splint

The way the daggers of politics are roaming hungry and thirsty, it has to be accepted that in the next few years the meaning of society will be completely secondary. The social, cultural and political lessons are evident in the way the former MLA from Jawali came to Dharamsala and displayed his character. We may consider it as a turmoil within the Congress or internal boil of the party, but the truth is also That our political structure is injuring the fabric of society amidst its spectacles. This is the second arrest of Neeraj Bharti where he is drowning his loot in the social media kingship. The wonder is that there can be such leaders within the Congress or someone can become a public representative from such roots of familyism. We cannot say that by whose instigation he came to convert Kand Kardiyana of Dharamsala to Kurukshetra.But the truth is also that such a former MLA cannot be expected to organize social media splinters in the state for his mental peace. Surprisingly, Neeraj Bharti's father Prof. Chandra Kumar is one of the veteran leaders of the state and for his stature, such a test of his son will pass. The use of social media to find easy targets in the corridors of politics is becoming a caravan of today's environment., This is such an intrusion not only in politics, but also in every field of every field where seniority is being rejected in the competition of spitting in the sky. Comments on social media that flout the dignity of constitutional posts are so uncontrollable that at times the practice of the country itself is getting apprehensive. In the Himachali version of social media, food and food are going hand in hand. The same reason is also visible in the confrontation that reaches such a juncture between Neeraj Bharti vs Sudhir Sharma,Where ten people have to be arrested. In such a situation, it is even more fatal for the Congress party to remain an ostrich, because the social media's stigma, which was born in the role of a former MLA, is now harassing the party itself. If a former MLA is arrested twice through social media, it is habitual political hoax. Despite making good use of social media, the BJP is creating a new balance in its modus operandi.In such a situation, the Congress also has a challenge to keep itself relevant among social media, but it is seen that only a few leaders are running ahead of the party and playing their position. It is the irony of the Congress that leaders are cooking their own khichdi outside the discipline of the party organization.The path of social media is easy for the leaders trapped in their respective egos of politics. Social media commentators can make any topic an event, announcement or friction, so it should officially be the new field of promptness. When which power will divide the districts or will hoist the Chief Minister's turban, no one knows. Tossing a coin or tossing a turban now seems to be the same.Society too, under the guise of its selfishness, starts choosing those points which seem closer to it in relation to caste, religious, region or personal ambitions. The same flaw is being reflected in the national momentum and where the pages of history are being torn apart in the conflict of images. Dharamsala. By now strict messages of action should have come, but character pollution is troubling the lungs of Congress. Instead of organization, the party of leaders and families has neither left the company nor the culture of discipline. This is an opportunity for the party to understand the seriousness of the Dharamsala episode and take strong steps, otherwise there is no need for BJP to weaken the party.

# Nusrat Jahan was seen doing KISS to Yash Dasgupta, shared a romantic video on Valentine's Day



Bengali actress and TMC MP Nusrat Jahan is often in discussion about her relationship. Questions have been raised many times regarding her relationship with Yash Dasgupta. But Nusrat Jahan never said anything clearly. Now on Valentine's Day, the actress has shared some romantic moments of her and Yash. In the picture of this beautiful video, both were also seen kissing each other.Nusrat Jahan has shared a video from her official Instagram account. This video has been made by combining many pictures. In every picture, Nusrat and Yash are seen falling in love. Somewhere lost in each other, sometimes holding hands and sometimes kissing, seeing these lovebirds getting romantic on Valentine's Day, fans are becoming very happy. Sharing the post, Nusrat wrote in the caption, 'I am in no hurry, I am getting to know you slowly, I am taking my time.. Our soul is one, yours and mine.…Let us tell you that last year the child was born in Nusrat Jahan's house. At first, there was a lot of news about the father's name, but later after seeing Yash's name on the child's birth certificate, it was confirmed that they are a couple. On the other hand, Nusrat Jahan recently gave an interview with India Today, which asked her questions on many topics. During this, she was asked if she and Yash were married, Nusrat replied, 'We don't need to get married again.How does it feel? At the same time, he said that people should not care about his marriage. In the same interview, Nusrat said that I am a Muslim and Yash is a Hindu, our child is a sign of being secular in this country.

# Nupur Sanon to debut in Bollywood



Mumbai. Nupur Sanon, sister of Bollywood actress Kriti Sanon, is going to debut in Bollywood soon. Nupur Sanon has appeared in the music video with Akshay Kumar. It is being told that Nupur will make her Bollywood debut with the Hindi remake of a Punjabi film.Nupur will share the screen with Nawazuddin Siddiqui in this film. It is being told that this film is a remake of Kala Shah Kala and it has been tentatively named Noorani Chehra. Preparations for the film have begun and the film is being produced by Panorama Studios, Wild River Pictures and Pulp Fiction Entertainment.A glimpse of Nupur Sanon and Nawazuddin Siddiqui on social media is a clear indication that the two are coming together for the film. Nawazuddin has shared a picture with Nupur in which both are seen smiling.

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपद की चारों विधानसभा के मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदय, पुलिस प्रेक्षक महोदय द्वारा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह सहित प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद में विधानसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के उपरांत अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने नवीन दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाए। यदि किसी उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का प्रलोभन दिया जाता है तो उसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए सख्त विधिक कार्यवाही की जाएगी। उम्मीदवार द्वारा किसी धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में किए जाने वाले व्यय को भी आदर्श आचार संहिता के दायरे में शामिल माना जाएगा। मा0 प्रेक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रात्रि 10 बजे के उपरांत लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक का सख्ती के साथ अनुपालन संपूर्ण जनपद भर में सुनिश्चित कराया जाए एवं अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी रिटर्निंग ऑफिसर वल्नरेबल मतदाताओं की पहचान कर पुनः परीक्षण कर लें, साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर एवं पुलिस अधिकारीगण द्वारा वल्नरेबल के कारक व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही अमल में लाएं। सभी बीएलओ निर्वाचन की समाप्ति के दिनांक तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से पूर्व बूथ नहीं छोड़ेंगे। सभी बूथों पर पैरामिलिट्री बल एवं स्थानीय पुलिस बल का तर्कपूर्ण आंकलन करके उन्हें बूथों पर तैनात किया जाए ताकि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके।

# एटा जनपद में दो-दो धुरन्दरों ने भरी हुंकार, परन्तु जलेसर को मिला घंटा




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जलेसर- जनपद मुख्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनसभा को सम्बोधित किया तो दूसरी तरफ जलेसर में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए विधानसभा जलेसर के भाजपा प्रत्याशी के साथ-साथ मारहरा के भाजपा प्रत्याशी के लिये भी जलेसर से ही वोट माँग कर काम चलाया। जलेसर की जनसभा में सैकड़ों भाजपा समर्थक एकत्रित हुए जिसमें अधिकतर हेलीकॉप्टर के दर्शक भी मौजूद रहे। आज हिंदी दैनिक समाचार पत्र की खबर का खासा असर देखने को मिला, कुछ दिन पहले ही जलेसर क्षेत्र के शकरौली, ताखावन सहित कई ग्रामपंचायतों में खारे पानी की समस्या एवं 10-10 हजार लीटर के हौजों से पाईपलाइन का नहीं जुड़ें होने का खुलासा किया था, जिसको सूबे के मुखिया ने गंभीरता से लेते हुए पाँच वर्ष के अंदर जलेसर की कुछ ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना को विफ़ल होते देख घर-घर मीठे पानी के नल लगवाने का ढांढस बंधाया, परन्तु जलेसर क्षेत्र में रोड़-रोड़बेज के नाम पर मुख्यमंत्री बचते नजर आए तो रोड़बेज डिपो के साथ इक्कीससौ किलो नहीं बल्कि इक्कीससौ कुंतल के घंटा को वैश्विक स्तर पर लाने


# कांग्रेस प्रत्याशी तारा राजपूत ने शहर के गांव के लोगों से संपर्क कर वोट मांगे



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जिले के मारहरा विधानसभा 105 में कांग्रेस प्रत्याशी तारा राजपूत ने शहर के गांव के लोगों से संपर्क कर वोट मांगे वोट मांगने के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी तारा राजपूत ने कहा 2022 में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बन रही है मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कांग्रेस ने जो प्रतिज्ञा ली है जैसे 2000000 नौकरी जिसमें 40 परसेंट महिलाओं को नौकरी 3 सिलेंडर महिलाओं के लिए यह हमारी सारी योजनाएं लागू की जाएगी जनसमपर्क के दौरान मारहरा विधानसभा क्षेत्र के गांव मरिगावा ,फतेहपुर , मगरोली, ततारपुर, प्रतापपुर, गोकुलपुर, सोरका, लहरा, गहेतू आदि गांव में घूम कर संपर्क करके वोट मांगने वाले भंवर पाल सिंह लोधी ओमवीर राघव नीरज गोट राजेंद्र सिंह जितेंद्र कुमार गीतम सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख जलेसर जोग सिंह संत कबीर सविता राम पूजा राजपूत नितेश राजपूत राधा राजपूत हितेश कुमार सुनील कुमार सतेंद्र राजपूत आदि लोगों ने जनसंपर्क कर एटा जिले के मारहरा विधानसभा की प्रत्याशी तारा राजपूत के लिए वोट मांगे

# आगरा का दीपक रोशन, धोनी से भी महंगे बिके चाहर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल ऑक्शन के पहले दिन गेंदबाज दीपक चाहर की स्विंग पर धन की बौछार हुई । बेंगलुरु में शनिवार को चेन्नई सुपर किंग सीएसके ने मध्यम गति के तेज गेंदबाज दीपक को 14 करोड़ में खरीदा। ताज नगरी के लाल दीपक चाहर चेन्नई सुपर किंग के लिए धोनी से भी महंगे खिलाड़ी हैं। उनके छोटे भाई राहुल चाहर 5.25 करोड़ में खरीदे गए। आईपीएल में आगरा के दीपक चाहर का पदार्पण वर्ष 2016 में हुआ था। तब पुणे सुपरजाइंट्स ने उनको 10 लाख रुपए में खरीदा था। वर्ष 2018 में सीजन में उनकी कीमत 80 लाख रुपये तक पहुंच गई। अब दीपक को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ में खरीदकर उन्हें आईपीएल में बिकने वाला सबसे महंगा भारतीय गेंदबाज बना दिया।

## रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक लागू रहेगा रात्रि कर्फ्यू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि कोरोना संक्रमण की दरों में प्रभावी रूप से कमी होने के दृष्टिगत कतिपय छूट प्रदान किए जाने के संबंध में जारी आदेशों को संशोधित करते हुए रात्रि कालीन कर्फ्यू रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक के स्थान पर 14 फरवरी से रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# नेशनल प्लेयर पर घर में घुसकर हमला,दुकान पर अबैध कब्जा करने की मुख्यमंत्री/एसएसपी से की शिकायत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- थाना कोतवाली नगर के ग्राम शिव सिंह पुर सहावर रोड पर पीड़िता कुमारी रानी वर्मा पुत्री राम दयाल वर्मा निवासी शिव सिंह पुर ने बताया कि 12 ,02,2022 तारीख को उनके दुकान पर ग्राम कल्याणपुर निवासी योगेंद्र पुत्र तेजपाल ,प्रियंका राजपूत पत्नी योगेंद्र, योगेंद्र की बहन व सतेंद्र को तेजपाल, तेजपाल पुत्र मनीराम व 7-8 अन्य दबंग किस्म के महिला पुरुषों ने कब्जा करना प्रारंभ कर दिया। और टूटी हुई दीवार राजमिस्त्री व मजदूरो से लगवाना शुरू कर दिया। इस बात पर जब उनकी मां और रानी ने स्वयं विरोध किया तो उनको दबंगों ने घर में घुसकर मारा पीटा ।गली नही है।अगर मेरी रिपोर्ट नही लिखी जाती है तो गुंडे मेरे साथ कोई बड़ी अनहोनी कर सकते है।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को गुंडे गुमराह कर रहे हैं मेरे इस प्रकरण में एक सिविल वाद संख्या 31/2018 न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है।थाना पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी दबंगों के खिलाफ की जाएगी।

# पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव ने भाजपा के लिए अम्रतपुर रघूपुर में किया मतदाताओं से जनसंपर्क



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-अलीगंज - जिले की अतिसंवेदनशील विधान सभा सीट अलीगंज पर भाजपा व सपा एवं बसपा सहित कांग्रेस के उम्मीदवारों ने मतदाताओं को अपने अपने पक्ष में समर्थन करने के लिए ग्राम ग्राम जनसंपर्क करना प्रारम्भ कर दिया है ! इसी श्रृंखला में आज सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव के नेतृत्व में अलीगंज नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मन्डल के अध्यक्ष ठा. अजयपाल सिंह " बंटी ठाकुर " व महामंत्री पं. विजय दीक्षित सहित सैकड़ों भाजपाईयों ने अलीगंज विधान सभा क्षेत्र से सपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के पैत्रक ग्राम अम्रतपुर रघूपुर में मतदाताओं से जनसंपर्क कर भाजपा के उम्मीदवार ठा. सत्यपाल सिंह राठौर विधायक के समर्थन मे वोट मांगे ! नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मन्डल अलीगंज के अध्यक्ष ठा. अजयपाल सिंह " बंटी ठाकुर " ने बताया कि पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव के साथ यादव बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं से किये जा रहे सघन जनसंपर्क के दौरान भाजपा उम्मीदवार ठा. सत्यपाल सिंह राठौर विधायक के लिए खासा समर्थन प्राप्त हो रहा है

# लघु वनोपज समिति बिहार पुर के सदस्यों ने प्रबंधक एवं अध्यक्ष पर फड़मुंशी नियुक्ति में मनमानी करने का लगाया आरोप

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-सूरजपुर जिले के चाँदनी बिहारपुर के प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बिहारपुर में तेन्दुपत्ता खरिदी वर्ष 2022 के लिए फड़ मुंशीयों की नियुक्ति करनी थी। नियुक्ति के लिए समिति से बैठक कराना था बैठक में सदस्यों से पुछकर फड़मुंशीयों के नाम का चयन करना था। लेकिन अधिकारीयों की मानसिकता यह प्रदर्शित करता है कि यह सब जानकारी लोगों तक न मिले किसी प्रकार का जानकरी समिति के सदस्यों तक न पहुंचे ।सूचना नहीं निकाला गया आजकल सोशल मीडिया एवं व्हाटसप के माध्यम से भी जानकरी दिया जाता है लेकिन कहिं भी किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई। बैठक का कार्य भार लेकर प्रबंधक एवं अध्यक्ष के द्वारा सदस्यों के घर घर जाकर हस्ताक्षर करवाया गया वहीं कुछ बाकि बचे सदस्यों का हस्ताक्षर बच गया तो फिर फोन के माध्यम से अध्यक्ष के घर बुला कर हस्ताक्षर करवाया गया । ऐसा आखिर कार कब तक चलता रहेगा है जब समिति के उपाध्यक्ष को हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया तो उन्होने से सवाल खड़ा कर दि कोरा कागज पर हस्ताक्षर करना सबसे बड़ी अपराध है हम दस्तखत नहीं करेंगे साफ शब्दों में हस्ताक्षर करने से इंकार हो गई उन्होने बोली कि मैं कोरे निरंक कागज पर हस्ताक्षर नहीं करूगीं मैं पढ़ी लिखी इंसान हुं साहब मेरे को अनपढ़ समझकर हस्ताक्षर ना करवाये। बैठक आप बकायदा समिति के सदस्यों को सुचना देते हुए बैठक करवा लिजिए हम सभी सदस्य उपस्थित हो कर बैठक में ही हस्ताक्षर कर देंगें इतने में ही प्रबंधक एवं अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष के ऊपर भड़क गए कि ठीक है तुम उपाध्यक्ष बन गयी हो सबसे बड़ी तीर चला दी हो क्या तुम्हारे एवं सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं करने से यह नियुक्ति नहीं रूकेगी नियुक्ति करने के लिए प्रबंधक एवं अध्यक्ष ही काफी है। कोरे सादा कागज पर हस्ताक्षर करवाना यह साबित करता है की लोग अभी भी स्वतंत्रत देश में नहीं गुलामी देश में जीये यह ऐसे अधिकारियों की* मानसिकता है अधिकारी जो कहे उन

■ डरा धमका कर कोरा कागज पर समिति के सदस्यों से करा लिया गया हस्ताक्षर

सभी बातों को जनता मुर्ख बनकर तथा कान लगा कर सुने । समिति के उपाध्यक्ष ने अपने एवं सदस्यों के जानकारी के लिए बैठक पंजी रजिस्टर का फोटो खिंच रही थी कि तभी अचानक प्रबंधक एवं अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष की मोबाइल को झीन ली तथा उनसे झीना झपटी करते हुए अनाप सनाप अभद्रता पूर्वक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलोच भी किया गया। समिती के सदस्यों एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बैठक पंजी समिति की होती है आप इन्हें फोटो खिंचने तथा दिखाने से क्यों कतरा रहे हैं। इससे साफ प्रतित करता है कि लोग अभी भी नहीं अंधकार में जिंदगी जीये।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# चोरी की 5 मोटर सायकल सहित 5 आरोपी गिरफ्तार, चौकी उमेश्वरपुर पुलिस की कार्यवाही

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- दिनांक 02.01.2022 को ग्राम सलका निवासी आजाद सिंह ने चौकी उमेश्वरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सलका में रोड़ निर्माण का काम चलने के दौरान दिनांक 10-28 दिसम्बर 2021 के मध्य पानी के टैंकर गाड़ी से 4 नग बैट्री को आसनदास, मनोज, करन साहू व जयसिंह के द्वारा चोरी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी उमेश्वरपुर में अपराध क्रमांक 2/22 धारा 379 भादवि का मामला पंजीबद्ध किया गया और पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोज, करन साहू व जयसिंह को पकड़ा जिनके कब्जे से 3 नग बैट्री बरामद कर तीनों को 17 जनवरी 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले में फरार आरोपी आसनदास की पतासाजी सरगर्मी से की जा रही थी। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने गंभीर अपराधों, चोरी सहित अन्य मामलों के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी उमेश्वरपुर की पुलिस मामले में आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच शनिवार, 12 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर ग्राम सलका में घेराबंदी कर आरोपी आसनदास पिता जयलाल दास को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि बैट्री चोरी की घटना में वह भी संलिप्त था और अपने हिस्से की बैट्री को गांव के जंगल में फेंक दिया जिसे काफी खोजबीन करने पर नहीं मिला। आरोपी ने यह भी बताया कि वह चोरी किए गए होण्डा साईन मोटर सायकल से बैट्री चोरी करने गया था जिसके बाद उक्त मोटर सायकल को उसके घर से जप्त कर आरोपी आसनदास को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। शनिवार को इसी मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सलका का पनेर सिंह एवं मनबोध सिंह चोरी की मोटर सायकल बेचने की फिराक में है जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पनेर सिंह के घर से चोरी के 2 मोटर सायकल होण्डा साईन, स्पेन्डर प्लस एवं मनबोध सिंह के घर से 1 मोटर सायकल एचएफ डिलक्स को बरामद किया गया। इसी बीच सूचना मिली कि चौकी मोरगा क्षेत्र के 2 व्यक्ति मोटर सायकल बेचने की फिराक में ग्राम सलका में ग्राहक की तलाश कर रहे है जिसके बाद पुलिस ने खासपारा में घेराबंदी कर ग्राम पतुरिहाडांड, चौकी

www.knlslive.com

मोरगा निवासी खेलसाय कंवर एवं ग्राम गिदमिड़ी, चौकी मोरगा, थाना बांगो निवासी कौशल प्रसाद कंवर को यामहा मोटर सायकल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि चोरी की यामहा मोटर सायकल बेचने आए थे। चौकी उमेश्वरपुर की पुलिस ने 5 आरोपियों से 5 नग मोटर सायकल कीमत 2 लाख 40 हजार रूपये का बरामद किया है। प्रकरण में आरोपी पनेर सिंह, मनबोध सिंह, खेलसाय कंवर, कौशल प्रसाद कंवर के विरूद्व धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विपिन लकड़ा, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर महेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक कपिल सिंह, आरक्षक विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, युवराज यादव, रौशन सिंह, विनोद सारथी, शिवशंकर सिंह, मंगलमूर्ति नेताम, धनंजय राजवाड़े, संदीप खाखा व सैनिक रविन्द्र सिंह सक्रिय रहे।

# एसईसीएल भटगांव में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन, ब्लड देने एवं लेने वालों दोनों को होता है फायदा- कलेक्टर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने एसईसीएल भटगांव हॉस्पिटल द्वारा आयोजित रक्तदान महादान में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल भटगांव हॉस्पिटल द्वारा आयोजित रक्तदान महादान के पुनीत कार्य की सराहना की तथा जो परंपरा रक्तदान महादान कार्यक्रम शुरू किए हैं निरंतर जारी रखने शुभकामनाएं दी। उन्होंने रक्तदान महादान में प्रत्येक जन को सहयोग करने आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए ब्लड देने एवं लेने वाले दोनों को फायदा होता है। मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ब्लड डोनेट करना फायदेमंद होता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, एसईसीएल के भटगांव एरिया जनरल मैनेजर श्री शशांक मोहन झा, भटगांव नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सूरज गुप्ता, जरही नगर पंचायत अध्यक्ष श्री बीजू दशान, एसडीएम श्री प्रकाश सिंह राजपूत, सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह, एसईसीएल भटगांव हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, चिकित्सीय स्टाफ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, एसईसीएल भटगांव एरिया जनरल मैनेजर श्री शशांक मोहन झा, सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह, भटगांव नगर पालिका अध्यक्ष श्री सूरज गुप्ता, जरही नगर पंचायत अध्यक्ष श्री बीजू दशन सभी ने रक्तदान महादान कार्यक्रम में शामिल होकर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने का जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सके। रक्तदान करने वालों को किया गया गुलाब फूल देकर सम्मानित- एसईसीएल हॉस्पिटल भटगांव हॉस्पिटल द्वारा आयोजित रक्तदान महादान कार्यक्रम के तहत रक्तदान करने वाले डॉ. यू एस बैठा, फिरोज खान, खुशबू सिंह सहित 70 से अधिक डॉक्टर्स चिकित्सा स्टाफ अधिकारी कर्मचारीयों ने रक्त दान किया। इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया।

## उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्य पहुंचे बांदा जनपद के बबेरू विधान सभा




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बांदा- बांदा जनपद में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्या उड़न खटोला से पहुंचकर किया विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना और भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल को ज्यादा से ज्यादा मतों से जीत दिलाने की लोगों से की अपील।वहीं सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को डिप्टी सीएम के द्वारा बताई गई उपलब्धियाँ बाँदा जनपद के बबेरू कस्बे का है जहां पर बबेरू कस्बे के बांदा रोड पशु बाजार में अपने उड़न खटोला से पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्या हैलिकाप्टर से पहुंच कर किया जनसभा को संबोधित और सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाया एवं भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल के पक्ष में लोगों से वोट करने की की अपील जिसके चलते उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने पहुंचकर किया जनसभा को संबोधित और विरोधियों पर जमकर साधा निशाना

## नई समय सारिणी से ट्रैक पर 200 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ - दिल्ली-हावड़ा रूट पर 卐अलीगढ़ जंक्शन卐 मुख्य स्टेशन के तौर पर आता है। यहाँ से हर दिन तकरीबन 25 हजार यात्री अपना सफर तय करते हैं। इन यात्रियों को ट्रेनों की लेट लतीफी वर्षों से झेलनी पड़ रही है। इस समस्या को कई बार स्थानीय अधिकारियों ने रेलवे बोर्ड में रखा था। इस बार रेलवे ने नई व्यवस्था कर दी है। स्टेशन अधीक्षक के अनुसार अभी तक एलएचबी कोच वाली ट्रेनों की स्पीड 110 किमी प्रतिघंटा और आइसीएफ कोच वाली ट्रेनों को 100 किमी प्रतिघंटा पर चलाया जा रहा है। इस रूट पर करीब 60 ट्रेन एलएचबी कोच वाली हैं। अब नई व्यवस्था के तहत नई दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर अब ट्रेनें 200 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी। 15 फरवरी से रेलवे ने नई समय सारिणी तैयार करते हुए इस प्लान को भी मंजूरी दे दी है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा होगी। साथ ही ट्रेन की लेटलतीफी से निजात मिलेगी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर ,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## पं0जे0एन0पी0जी0 कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बांदा- जनपद के पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। इसके पश्चात ''माई वोट डे, माई वैलेनटाइन डे'' थीम के तहत लगभग 1000 छात्र एवं छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता हेतु डी0जे0 एवं बैण्ड बाजे तथा मतदाता जागरूकता स्लोगन के माध्यम से पैदल मार्च करते हुए महाराणा प्रताप चैराहे से जिला अस्पताल, स्वराज कालोनी, जेल रोड पेट्रोल पम्प होते हुए संकट मोचन मन्दिर के सामने जहीर क्लब ग्राउण्ड में समाप्त हुई जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं पं0जे0एन0पी0जी0कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, डी0ए0वी0इण्टर कॉलेज, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, भगवती प्रसाद बालिका ओमर कॉलेज, सरस्वती विद्या मन्दिर केनपथ एवं अतर्रा चुंगी, एन0सी0सी0 कैडेट के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा बुन्देलखण्ड का आल्हा गीत एवं भजन कीर्तन के माध्यम से भी 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करने की अपील की गयी। एक भव्य उत्सव का माहौल रहा। पं0जे0एन0पी0जी0 कॉलेज के प्रेक्षागृह में महिला महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा मतदान गीत एवं नुक्कड नाटक तथा राजकीय बालिक इण्टर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा ''लोकतंत्र का पावन त्यौहार आ गया, चलो सब साथ चलेंगे, 23 फरवरी को मतदान करेंगे की प्रस्तुती दी गयी। उपरोक्त कार्यक्रम आदरणीय प्रेक्षक गण राणेन्द्र सरकार, पुलिस प्रेक्षक उज्जवल भौमिक, 235-बांदा विधान सभा के प्रेक्षक हर्षदीप श्रीराम काम्बले, तिन्दवारी-232 विधान सभा के प्रेक्षक संजीव कुमार, 233-बबेरू विधान सभा के प्रेक्षक अशोक कुमार, 234-नरैनी विधान सभा के प्रेक्षक श्रीमती विनीता, एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पटेल ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें एवं बधाई दी साथ ही साथ मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी बच्चे अपनी पढाई-लिखाई पर विशेष ध्यान दें। मैं जिला निर्वाचन अधिकारी संकट मोचन हनुमान जी से दुआ करता हूँ कि आप लोग अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें और अपने देश को विकास पथ की ओर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश, देश-दुनिया का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है और इस लोकतंत्र की सबसे बडी ताकत आम जनता है जिसे हम मतदाता भी कहते हैं। हम सब लोग ही लोकतंत्र का भविष्य तय करते हैं इसीलिए देश के हर नागरिक को जागरूक होकर सही नेता का चुनाव करना चाहिए। जाति, भाषा, धर्म पर न पडके अपना मतदान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के युवा देश की धडकन होते हैं। उनके बिना भारत के सुनहरे भविष्य की कल्पना नही की जा सकती। उन्होंने नव युवकों/



युवतियों से आहवाहन किया कि इस लोकतंत्र के महापर्व में सभी लोग आगे आकर अपना-अपना मतदान करें साथ ही अपने पास-पडोस, नाते-रिश्तेदारों एवं अपने प्रियजनों को 23 फरवरी को मतदान करने हेतु प्रेरित करें जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत हो। पैदल मार्च करते हुए जगह-जगह रिक्शे, ठेले, सब्जी वालों एवं समस्त जनमानस से स्लोगन के माध्यम से अपील करते हुए कहा कि ''आपका मतदान, लोकतंत्र की जान है'' ''न नशे से न नोट से, किश्मत बदलेंगे वोट से'' ''देश की तरक्की का ध्यान करें, घर से निकल कर मतदान करें''''वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल'' ''छोड के अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान''''वोट करेंगे-वोट करेंगे, 23 फरवरी को वोट करेंगे''।जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पटेल ने समस्त जनमानस से अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराना है प्रदेश में बांदा का नाम रोशन करना है। कृपया करके सभी लोग मतदान करने हेतु घर से अवश्य निकलें और अपने प्रियजनों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में हर एक मतदाता का मत अमूल्य है। हमारे एक वोट से ही हार और जीत का फैसला होता है। अगर हम सब लोग जागरूक होंगे तो मत सही व्यक्ति को जायेगा और देश का विकास होगा। इसीलिए जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनें। स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, जिला विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी, नगर मजिस्ट्रेट केशव नाथ गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रामपाल, तहसीलदार सदर पुष्पक, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बांदा बुद्धी प्रकाश यादव, उपरोक्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य बजरंग इण्टर कॉलेज मे0 मिथलेश कुमार एंकर सौम्या, नटराज संगीत महाविद्यालय के प्रबन्धक धनंजय सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकायें, छात्र/छात्रायें उपस्थित रहें।

## जमुनही गांव के पास, टैक्टर ट्राली पर लदा शीशम सागौन के बोटा बरामद



लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत जमुनहीं गांव के पास ट्राली पर लदा सागवान व शीशम के बोटे को मुखबिर की सूचना पर बदला चौराहा पुलिस चौकी के प्रभारी इंद्रसेन सिंह मौके पर पहुंचकर अवैध तरीके से काटी गई लकड़ी को पकड़ लिया और कब्जे में लेकर ट्रैक्टर ट्राली को चौकी पर ले आए जबकि मौके से ट्रैक्टर का चालक व ठेकेदार दोनों फरार हो गए जिसे चौकी से थाना मल्हीपुर को लाया गया है और पुलिस जांच कर रही है इस मामले को लेकर वन क्षेत्राधिकारी हरदत्त नगर ग्रंथ से बात किया गया तो हरदत्त नगर गिरंट के वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं है और जांच कराया जाएगा

# नाला निर्माण मे बाधा बने रहे दबंग

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जमुनहा विकास क्षेत्र के वीरगंज बाजार में जिला पंचायत की ओर से नाला का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। तथा नाला निर्माण में अवरोध पैदा कर दिया ।जिससे नाला निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही के लिए मांग किया हैं। जिला पंचायत की ओर से जमुनहा विकास क्षेत्र के वीरगंज बाजार जल निकासी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जमुनहा मल्हीपुर राजमार्ग तक 28 लाख 80 हजार की लागत 400 मीटर नाले का निर्माण शुरू कराया गया था। जो सड़क के किनारे बने घरों का गंदा पानी नाले से होकर पटना गांव के पास स्थित सरकारी तालाब में पानी गिरना था



लेकिन पटना गांव के राम बहोरी, फौजदार , की पत्नी , जगत राम,आदि कुछ लोगों ने नाला निर्माण का विरोध करते हुए काम को बंद करा दिया। इसके बाद वीरगंज के ग्रामीण लामबंद हो गए और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नाला निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए निर्माण कार्य पूरा कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दबंग बेवजह अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। उनका इस नाले के निर्माण से कोई नुकसान भी नही है। नाला निर्माण न होने से जल निकासी की काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

# अज्ञात कारणों के चलते किसान की हुई मौत




अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बांदा- खेत में फसल की रखवाली करते समय किसान की हार्ट अटैक से मौत, मिली जानकारी के अनुसार बैंक व समितियों का चार लाख रुपये का कर्ज था। 17 बीघे खेती से करता था जीवन यापन।पूरा मामला बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के माटा गांव का 58 वर्षीय किसान मोहन प्रसाद द्विवेदी पुत्र अंबिका प्रसाद द्विवेदी शनिवार शाम के खेतों में गेहूं की रखवाली कर रहे थे, तभी उनके सीने में दर्द उठा, मौके में मौजूद बेटे ने पिता को अस्पताल पहुंचाया जहा मौजूद चिकित्सकों के रिफर करने पर वह कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन देर रात इलाज के दौरान किसान मोहन प्रसाद द्विवेदी की मौत हो गई। किसान मोहन प्रसाद द्विवेदी ने 17 बीघे जमीन पर खेती-बाड़ी कर जीवन यापन करते थे। उन्होंने कस्बा स्थित स्टेट बैंक की शाखा से साढ़े तीन लाख रुपये केसीसी व 50 हज़ार रुपए खाद बीज के लिए सहकारी समिति का कर्ज ले रखा था। किसान के 6 बच्चे मनोज द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, प्रमोद, अनुज तिवारी, अरुण, दीपू समेत पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। किसान का गांव में ही बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेखपाल रचना देवी ने बताया कि किसान मोहन प्रसाद की हार्ड अटैक से मौत होने की सूचना मिली है। कर्ज़ आदि की स्थिति का मुआयना कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

## अमृत योजना वॉटर लाइन तो बिछी पर पानी न पहुँच सका



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - घर-घर भरपूर जलापूर्ति के लिए सालभर पहले बनी मिनी ट्यूबवेल की योजना धरातल पर न उतर सकी। शुरुआत में इसके टेंडर निकाले गए थे। लेकिन, एजेंसियों ने रुचि नहीं दिखाई। बीते साल दिसंबर में निकाले गए टेंडर की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ सकी है। अमृत योजना के तहत शहर में वाटर लाइन बिछाकर कनेक्शन तो दिए गए, मगर कई क्षेत्रों में अब भी पानी नहीं पहुँचा। कहीं लाइन में लीकेज से दूषित पानी, तो कहीं आपरेटर के अभाव में ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे है।

## महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शर्मनाक बयान




हारुन बक्श

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शर्मनाक बयान गुजराती से प्रधानमंत्री की तुलना की, मूर्खो को राजा बनाने का दिया शर्मनाक बयान गुजरात से गधे को इंपोर्ट करके लाये तो यह दिन देखना लाजमी है प्रधानमंत्री मोदी ने भूत की तरह प्रकट होकर कर दी थी नोटबन्दी जिले में महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य का शर्मनाक बयान आया सामने राष्ट्रीय अध्यक्ष की पत्नी सुमन सुमन मौर्य जिले की सदर बिधानसभा से है गठबंधन की प्रत्यासी लगातर सुर्खियों में छाये है महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य कायमगंज विधान सभा क्षेत्र के कस्बा शमसाबाद में सपा कार्यालय के उदघाटन के दौरान दिया बयान

## माहेश्वरी देवी मंदिर के पास मकान में लगी आग



अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बांदा- शहर के माहेश्वरी देवी मंदिर के पास बने चार मंजिला मकान में लगी आग आज अज्ञात कारणों के चलते कास्मेटिक की दुकान में सात बजे के लगभग आग लग जाने से दुकान मालिक के अनुसार तीस से चालीस लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। इस आग में फसें लोगो को सकुशल निकाला गया। आज पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया।

**अन्य खबरों के लिए देखे**

**WWW.KNLSIVE.COM**

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527